*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय में महिला स्वास्थ्य जागरूकता हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पंतनगर। 9 अप्रैल 2026। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के महिला क्लब पंतनगर द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित लैंबर्ट स्क्वायर अतिथि गृह में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारी वर्ग की महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का आयोजन महिला क्लब पंतनगर की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान के नेतृत्व में किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. दुर्गेश यादव एवं उनकी टीम, जिसमें चार अनुभवी चिकित्सक एवं दो नर्सिंग स्टाफ शामिल थे, ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर के दौरान महिलाओं का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, मधुमेह परीक्षण, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, लेडीज हेल्थ चेकअप एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय फार्म एवं गार्डन सेक्शन की 45 श्रमिक महिलाओं तथा विभिन्न संकायों की 15 महिलाओं सहित कुल 60 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

चिकित्सकों ने जांच के साथ–साथ महिलाओं को स्वस्थ जीवन–शैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सामान्य बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में महिलाओं को महिला क्लब पंतनगर की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान एवं महिला क्लब की सचिव श्रीमती विजया सिंह द्वारा उपहार भी प्रदान किया गया।

इस पहल को विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों ने अत्यंत सराहा तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। महिला क्लब पंतनगर की यह पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है।